वी.यू. – पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यलय, जबलपुर से डॉ. शशि प्रधान एवं डॉ. आदित्य प्रताप यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के पशु औषधि विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपना परचम लहराया। विदित हो की वेटरनरी इंटरनल एंड प्रिवेंटिव मेडिसिन की चौथी संगोष्ठी एवं अधिवेशन का आयोजन इस वर्ष जम्मू कश्मीर के शेर ए कश्मीर कृषि एवं प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय में किया गया। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पशु औषधि विभाग जबलपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शशि प्रधान एवं पीएचडी छात्र डॉ. आदित्य प्रताप को उनके शोध कार्य के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

पशु औषधि विभाग की विभाग प्रमुख डॉ. कबिता रॉय ने शुभकामनाये प्रेषित करते हुए बताया कि दोनों ही विद्यार्थियों ने विभाग के अंतर्गत डॉ. अमिता तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य किया है एवं इनके शोध कार्य में डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. रणबीर सिंह जाटव का भी सहयोग रहा। पीएचडी छात्र डॉ. आदित्य प्रताप ने बकरियों में थनेला रोग के दौरान होने वाले ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस एवं उसे कम करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट के प्रभाव पर अपना शोध किया जिसके लिए उन्हें संगोष्ठी के रुमिनैंट मेडिसिन श्रेणी में सर्बश्रेष्ठ यंग साइंटिस्ट अवार्ड से पुरुस्कृत किया गया।

वहीं डॉ. शशि प्रधान ने बकरियों में हने वाले कोक्सिडीओसिस रोग एवं उसका हर्बल मेडिसिन द्वारा उपचार पर अपना पीएचडी शोध कार्य किया जिसके लिए उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कम्पैनियन एनिमल श्रेणी में पीएचडी छात्र डॉ आदित्य प्रताप को तृतीया बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड भी मिला। इस सफलता हेतु अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा ने सभी को बधाई दी और इसी तरह औषधि विभाग एवं महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो (डॉ.) सीता प्रसाद तिवारी जी ने राष्ट्रीय स्तर पर इस सफलता के लिए अपनी बधाइयाँ प्रेषित की एवं छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट शोध करने का आव्हान दिया जिससे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके एवं उनके इस विश्वविद्यालय की गरिमा में निरंतर बृद्धि हो।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर